तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 22 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 वोटों की काउंटिंग के लिए दी गई आरओ एआरओ ....



13 एजेंसी ने अटकाया डुप्लेक्स मंगल भवन ...



### भूल सुधार

दिनाँक 14 व 15 मई, 2024 हरिभूमि बिलासपुर में पैरामेडिकल कोर्स में आवेदन से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित हुआ था, जिसमें 1 लाइन त्रुटिवश छूट गई थी जिसे **नेशनल स्किल डेवलमेंट कारपोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम)** सुधार कर पढ़ा जाए।

# मतगणना की तिथि नजदीक, दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं की बढ़ी बेचैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद राजनीतिक गलियारों में लंबे वक्त से पड़ा सन्नाटा एक बार फिर टूटने लगा है। इसके साथ ही चुनाव परिणाम को लेकर चर्चाएं और राजनीतिक दलों की तैयारी शुरू हो गई है।

वहीं, दूसरी तरफ जैसे-जैसे मतगणना की तिथि नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों तथा दलों के नेताओं की धड़कन भी तेज होती जा रही है। परिणाम को लेकर मतदान के पूर्व और मतदान के बाद अपने-अपने क्षेत्र से अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत का दम भरने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की भी सांस फूलने लगी है। इन सब के बीच सटोरिए भी परिणाम के आंकड़ों पर दांव लगाने ग्राहक तलाश रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित मतदान कार्यक्रम के तहत प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर मतदान कराया जा चुका है। इन 11 सीटों में शामिल दुर्ग लोकसभा सीट के अंतर्गत बेमेतरा जिले की तीन विधानसभा सीट बेमेतरा, साजा नवागढ़ में भी मतदान संपन्न हो चुका है जिसकी गणना पूर्ण निर्धारित कार्यक्रम के तहत 4 जून को होनी है। मई महीना गुजरने में कुछ दिन शेष है। अब मतगणना तिथि की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और अब मतगणना के गिने-चुने दिन ही शेष रह गए हैं। दुर्ग लोकसभा सीट से अपनी किस्मत आजमाने वाले विभिन्न प्रत्याशियों ▶▶| शेष पेज 13 पर

## प्रत्याशियों के भाग्य का फैसले आने में अब कुछ ही दिन शेष

### भाजपा को प्रतिष्ठा बचाने की चिंता, कांग्रेस को विस हारने के बाद लोस से ही उम्मीद

सूत्रों की मानें, तो दुर्ग लोकसभा क्षेत्र की 9 विधानसभा के विधायकों से लेकर पार्टी के ओहदेदार पदाधिकारी खासकर भाजपा में तो पार्टी प्रत्याशी के क्षेत्र अनुसार जीत प्रतिष्ठा का प्रश्न बनी हुई है। क्योंकि प्रदेश में हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिली है, वहीं विधानसभा चुनाव में जिले के साजा विधानसभा के कांग्रेसी विधायक व कद्दावर पूर्व मंत्री कहे जाने वाले रविंद्र चौबे भी चुनाव हार गए, इसी प्रकार बेमेतरा विधानसभा से आशीष छाबड़ा, नवागढ़ क्षेत्र से पूर्व मंत्री रुद्र गुरु जैसे हैवीवेट कांग्रेस प्रत्याशी को हार देखनी पड़ी, ऐसे में अब केवल लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सबसे भरोसेमंद प्रत्याशी राजेंद्र साहू से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है । हालांकि आने वाले 4 जून को परिणाम क्या होंगे यह अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन निश्चित रूप से मतगणना की तिथि नजदीक आने के साथ ही प्रत्याशी और पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी की धड़कनें बढ़ने लगी हैं।

### परिणामों को लेकर सटोरिए भी होने लगे सक्रिय

दूसरी तरफ मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, सटोरिए भी और ज्यादा सक्रिय होते जा रहे हैं। प्रत्याशियों की जीत-हार के अलावा विधानसभा में बढ़त, बूथ में बढ़त को लेकर दांव लगाने वाले ग्राहक खोजे जा रहे हैं। कुछ सट्टेबाजों ने तो मतदान के बाद से ही अपना दांव खेल लिया है। माना जा रहा है कि मतगणना के हफ्ते भर पहले या खेल और रोमांचक हो जाएगा, साथ ही इस खेल खिलाड़ी बढ़ जाएंगे।

### दोनों दलों का फिर से ओबीसी दांव

दुर्ग लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जहां वर्तमान सांसद विजय बघेल को पुनः मौका देते हुए मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खास साथी के रूप में गिने जाने वाले राजेंद्र साहू को प्रत्याशी बनाया। लोकसभा क्षेत्र में साहू, कुर्मी समाज के मतदाताओं की संख्या बहुत ज्यादा हैं। विजय बघेल जहां कुर्मी समाज से आते हैं, वहीं कांग्रेस ने लोकसभा में साहू मतदाता को साधने राजेंद्र साहू पर दांव चला है। हालांकि दुर्ग लोकसभा सीट सामान्य सीट के तौर पर जानी जाती है, परंतु राजनीतिक दल जातिगत समीकरण के आधार पर चुनावी रणनीति का अमली जामा पहनाते आ रहे हैं ।

## खबर संक्षेप

### आंधी के बाद बारिश से खुशनुमा हुआ मौसम

**डौंडीलोहारा।** क्षेत्र में मंगलवार शाम मौसम ने एकाएक करवट बदली। शाम लगभग 7 बजे जोरदार आंधी चली। उसके 15-20 मिनट बाद जोरदार बारिश भी शुरू हो गई। समाचार लिखे जाने तक आंधी-बारिश जारी थी। उधर, दिन भर गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बारिश से राहत मिली। दिनभर तपती गर्मी ने हलकान कर दिया था, शायद इस मौसम का सबसे गर्म दिन रहा होगा। वर्षा के कारण मौसम खुशनुमा हो चला था। वहीं, दूसरी ओर रबी फसल के धान की कटाई व मिंजाई के बीच हुई बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस बेमौसम बारिश के कारण भारी नुकसान की आशंका किसानों ने जताई है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सुपेला निवासी अजय ठाकुर प्लाईवुड का काम करता है। रविवार रात में पति पत्नी के बीच जमकर विवाद हुआ। इसके बाद पत्नी ने डायल 112 में फोन कर दिया था। पुलिस रात में आई और जब पता चला की मामला पति-पत्नी के बीच विवाद में दोनों को समझाकर चली गई। सोमवार सुबह फिर से दोनों पति पत्नी आपस में विवाद हो गया। नाराज होकरअजय अपने कमरे में चला गया और दरवाजा को बंद कर लिया। जब काफी देर तक वह बाहर नहीं निकला तो पत्नी ने दरवाजा खुलवाया। जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो खिड़की से झांककर देखने पर अजय फांसी पर लटका दिखा। मौके पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया।

### कार का कांच तोड़कर नकदी पार

**भिलाई।** कार के पीछे का हिस्सा तोड़कर दस्तावेज और नगदी रकम पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 379,427 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी दीपक शर्मा ने शिकायत किया है कि 19 मई की रात अपने ससुराल लक्ष्मीनगर शीतला तालाब सुपेला आया था। कार को शीतला तालाब मंदिर के पास खड़ी कर ससुराल चला गया। वापस लौटने पर देखा कार का सीसा टूटा पड़ा था।

### हादसा : नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी व हटहाडाडू के बीच हुई दुर्घटना

# अनियंत्रित होकर खेत में पलटी कार, मासूम की मौत, 5 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

थाना क्षेत्र नवागढ़ अंतर्गत ग्राम खैरी व हटहाडाडू के बीच तेज रफ्तार से जा रही इनोवा कार अनियंत्रित होकर पलट गई और रास्ते किनारे खेत में जा गिरी। इस हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई, वहीं 5 अन्य घायल हो गए। दुर्घटना में कार सवार एक 5 वर्षीय मासूम बालक के अलावा अन्य 5 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए, जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से नवागढ़ सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

- डॉक्टरों ने की बालक के मौत की पुष्टि, 5 लोगों का उपचार जारी

अस्पताल में 05 वर्षीय बालक कुणाल बंजारे पिता अशोक बंजारे को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना में लक्की बंजारे उम्र 17 वर्ष, किशन बंजारे उम्र 34 वर्ष, रीतेश लहरे उम्र 23 वर्ष, शुभम बंजारे उम्र 16 वर्ष एवं दिलेश्वर बंजारे उम्र 14 वर्ष भी घायल हो गए हैं। सभी ग्राम हटहाडाडू के निवासी हैं। जानकारी के मुताबिक किशन की हालत फिलहाल नाजुक बताई जा रही है, जिसे रायपुर रिफर कर दिया गया। वहीं, मृत बालक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। नवागढ़ थाना प्रभारी भुनेश्वर यादव ने बताया कि इस हादसे में जख्मी एक बालक की मौत हो गई तो वहीं, अन्य सभी जख्मियों का उपचार चल रहा है।

### दुर्घटना में कार सवार सभी लोगों को पहुंचाया अस्पताल



### एक दिन पहले ही गांव आया था परिवार

ग्रामवासियों से मिली जानकारी के मुताबिक कार क्रमांक सीजी 04 एचसी 3966 अशोक बंजारे की है, जो कि फिलहाल दुर्ग में रहता है। वह एक दिन पहले ही अपने गांव हटहाडाडू आया हुआ था। मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे सभी कार में सवार होकर गांव से नवागढ़ की ओर निकले थे। फिलहाल गाड़ी कौन चला रहा था, कितने लोग सवार थे, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। लेकिन, राहगीरों के मुताबिक गाड़ी की गति इतनी तेज थी कि चालक कार से अपना संतुलन खो बैठा। कार सड़क के नीचे उतरते हुए किनारे के खेत में जाकर पलट गयी।

# अधिकारियों ने रुकवाया नाबालिग का विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले को बाल विवाह मुक्त करने के लिए संयुक्त टीम जिले में लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बीते दिवस जिला बाल संरक्षण इकाई (मिशन वात्सल्य) को प्राप्त सूचना अनुसार एवं चाइल्ड हेल्पलाईन न. 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग को विकासखण्ड बेमेतरा के एक ग्राम में एक बालिका, जिसकी उम्र महज 16 वर्ष 7 माह की है। उक्त बालिका बाल विवाह की जानकारी प्राप्त हुई थी। जानकारी के आधार पर बाल विवाह की रोकथाम की कार्यवाही की गयी। उक्त ग्राम में महिलांगे परिवार की बालिका का बाल विवाह होने जा रहा था। बाल विवाह किये जाने की सूचना पर महिला एवं बाल ▶▶| शेष पेज 13 पर

- सूचना मिलने पर पहुंची टीम ने बालिका के परिजनों को दी समझाइश

### 1098 पर दे सकते हैं बाल विवाह की सूचना

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को बालक विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है। बाल विवाह की सूचना अनुविभागीय दण्डाधिकारी, पुलिस थाने में महिला एवं बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी/कर्मचारी/आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार आदि को दी जा सकती है। इस कानून के अनुसार बाल विवाह के बंधन में आने वाले बालक/बालिका को अपना विवाह शून्य घोषित कराने का अधिकार है। बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में वाइल्ड हेल्पलाईन 1098 में सूचित किया जा सकता है।

# कलेक्टर सहित अधिकारियों-कर्मचारियों ने आतंकवाद के विरोध की शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलक्टोरेट में आतंकवाद विरोधी दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी शपथ दिलाई। इस मौके पर पर अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत, डॉ.अनिल बाजपेयी, सहित विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी आतंकवाद विरोधी शपथ ली। आतंकवाद के कारण आम जनता को हो रहे कष्टों, हिंसा एवं आतंक से राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव से आम लोगों को अवगत कराने, विशेष रूप से युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के मार्ग से दूर रखने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष 21 मई को पूरे राज्य में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है।

# मानसून से पहले आपदा प्रबंधन की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अगले माह मानसून के आने की प्रबल संभावना को ध्यान में रखकर बेमेतरा ज़िले में आपदा प्रबंधन की अग्रिम तैयारी शुरू कर दी है। कलेक्टर श्री शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों पूरी समय रहते तैयारी करने कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग, ज़िले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला सेनानी होमगार्ड, ज़िले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (समस्त) नगरीय निकाय,अनुविभागीय अधिकारी (वन) और प्रभारी अधिकारी (आपदा प्रबंधन) समेत ज़िला अधिकारी मौजूद थे।

- समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने संबंधित विभाग प्रमुखों को दिए निर्देश




बैठक में आगामी मानसून में बाढ़ एवं वर्षा से उत्पन्न विपत्तियों से निपटने की तैयारियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गईं। बैठक में जिला एवं तहसीलस्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष सहित आपदा प्रबंधन के लिए कार्य योजना के संबंध में विस्तार से विचार विमर्श किया गया। कलेक्टर श्री शर्मा ने आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए सभी ज़रूरी बचाव एवं राहत संबंधी तैयारियाँ पूरी करने के निर्देश दिए । उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राकृतिक विपदाओं से जनजीवन की सुरक्षा तथा राहत एवं बचाव की अग्रिम व्यवस्था करने कहा। उन्होंने शहरों में नाले-नालियों की सफाई युद्धस्तर पर करने के निर्देश दिए । असुरक्षित पेड़ों की कटिंग, ख़ास तौर पर बिजली के ▶▶| शेष पेज 13 पर

### नदी-नालों के जलस्तर पर नजर रखने के निर्देश

कलेक्टर ने आगामी मानसून के दौरान जिले की नदी के जल स्तर पर बराबर नजर रखने और जल स्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर इसकी पूर्व सूचना राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम तथा निचले जिलों को लगातार देने की व्यवस्था करने और ऐसी स्थिति से निपटने के लिए तत्काल सुरक्षा उपायों पर अमल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । उन्होंने यह भी कहा गया है कि मानसून में आसपास ज़िलों के जलाशयों से जल छोड़ने पर विशेष ध्यान रखा जाए। जलाशयों में नियमित रूप से निकासी के प्रयास किए जाएं, ताकि बाढ़ की स्थिति को और बिगड़ने से रोका जा सके। बांधों का जल स्तर बढ़ने पर ज़िले के निचले गाँव को बारह घण्टे पूर्व सूचना दी जाए। बाढ़ से यदि कहीं क्षति होती है तो इसकी जानकारी नियमित रूप से दें ।

### पुलिस मुख्यालय द्वारा किया गया पांच दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# पुलिस अधिकारियों को दी गई तीन नए कानूनों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नये कानूनों के संबंध में पुलिस मुख्यालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से बेमेतरा के पुलिस अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए। उद्घाटन सत्र में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने सम्बोधित किया। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा सहित सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना व चौकी प्रभारियों ने प्रशिक्षण लिया ।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने तीनों नये कानूनों के संबंध में विवेचकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। आगामी 1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में पुलिस विभाग में कार्यरत विवेचकों को प्रशिक्षण प्रदान कर जानकारी प्रदान करने के लिए पुलिस मुख्यालय रायपुर एवं हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है। जिसके तारतम्य में 20 से 24 मई तक प्रति दिवस अलग-अलग विषयों पर व्याख्यान आयोजित किया गया है।



सोमवार को पांच दिवसीय प्रशिक्षण का प्रारंभ हुआ, प्रशिक्षण कार्यक्रम की आवश्यकता, भूमिका व इससे होने वाले लाभ के संबंध में पुलिस महानिदेशक जुनेजा ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को गंभीरता पूर्वक व जागरूकता पूर्वक प्रशिक्षण में अपनी सहभागीता दर्ज करने के लिए समझाइश दी। उसके बाद गृह मंत्रालय भारत सरकार में दण्ड विधि में सुधार के लिए गठित समति में वरिष्ठ सलाहकार डॉ. निरज तिवारी द्वारा तीन नये कानूनों का परिचयः क्षमता निर्माण एवं प्रभावी क्रियान्वयन विषय पर व्याख्यान दिया गया।

### एसपी साहू ने बताई कानूनों की बारीकियां

ऑनलाईन प्रशिक्षण सत्र की समाप्ति के बाद पुलिस अधीक्षक बेमेतरा साहू ने सभी को नवीन कानूनों की बारीकियों व नवीन कानूनों के लागू होने के पश्चात विवेचना में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के संबंध में विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया। साथ ही नवीन कानूनों के लागू होने से न्यायालय में विचारण के दौरान विवेचकों को होने वाले लाभ व विवेचना के दौरान आने वाली चुनौतियों से बचाव के उपाय के संबंध में मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) राजेश झा, उप पुलिस अधीक्षक महिला विरूद्ध अपराध कौशिल्या साहू, उप पुलिस अधीक्षक बालक विरूद्ध अपराध कमल नारायण शर्मा सहित सभी थाना,चौकी प्रभारी व विवेचकगण उपस्थित थे।

### मासूम के साथ अश्लील हरकत, 5 वर्ष की सजा

**भिलाई।** मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को दुर्ग न्यायालय ने पांच साल की सजा दी है। मिली जानकारी के मुताबिक अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफटीसी श्रीमती संगीता नवीन तिवारी की कोर्ट ने 60 वर्षीय आरोपी रायपुर नाका पदमनाभपुर निवासी मदन यादव 8 अगस्त 2023 की शाम 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ छेड़खानी कर अश्लील हरकत कर रहा था। इस दौरान बच्ची के पडोस में बर्थ डे की पार्टी चल रही थी। बच्चीं भी इसमें शामिल होने पहुची थी। अचानक बिजली गुल होने से आरोपी मदन इसका लाभ उठाते हुए बच्ची के साथ छेड़खानी कर अश्लील हरकत किया। बच्चीं ने घटना की जानकारी परिजनों को दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक संतोष कसार ने पैरवी की थी।

**पाठक सूचना**


बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### नक्सल मामले में भाजपा सरकार दिग्भ्रमित

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, नक्सल मामले में भाजपा की सरकार दिग्भ्रमित है। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का बयान आया है कि उनकी सरकार



नक्सलियों के लिये नई पुनर्वास नीति लाने जा रही है। सरकार ने 5 महीने में कोई नक्सल नीति नहीं बनाई है। पूर्ववर्ती सरकार की नीति जो पूरी तरह से सफल थी, उसको भाजपा सरकार ने खारिज कर दिया है। पुरानी नीति खारिज करने के बाद अभी तक अपनी कोई नीति घोषित नहीं की है। सरकार पुनर्वास नीति लेकर आये, उसके पहले नक्सल नीति तो घोषित की जाये। जब नक्सल नीति घोषित करेंगे, तब पुनर्वास नीति बनेगी, यह उसका अंश है। अभी नक्सल नीति नहीं बनाई है और दावा कर रहे पुनर्वास नीति लेकर आयेंगे। अनिर्णय वाली इस स्थिति से इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

### प्रतिनियुक्ति से लौटी ऋचा एसीएस वन

रायपुर। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटी आईएएस ऋचा शर्मा को राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिव (एसीएस) वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के रूप में पदस्थ किया है। अब तक यह दायित्व मनोज कुमार पिंगुआ के पास था। ऋचा शर्मा के पदभार ग्रहण करने के बाद श्री पिंगुआ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के दायित्व से मुक्त होंगे। उनके पास अपर मुख्य सचिव गृह, जेल, तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग का दायित्व बना रहेगा।

### संक्रामक रोग की रोकथाम के लिए अभियान

रायपुर। नगर निगम के 70 वार्डों में बारिश से पूर्व संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए नगर निगम जागरूकता अभियान चलायेगा। निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने अधिकारियों को सभी वार्डों में संक्रामक रोगों की संभावनाओं को ध्यान में रखकर अभियान चलाने निर्देश दिये हैं। आयुक्त ने इसके लिए जोन कमिश्नरों को नोडल अधिकारी बनाया है। आयुक्त ने नगर निगम क्षेत्र के 70 वार्डों में स्थित निजी एवं सार्वजनिक कुओं में सप्ताह में दो बार ब्लीचिंग पावडर डालकर जल को कीटाणु रहित करने निर्देश दिये। जोन 7 कार्यालय में स्वच्छता कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण लिए कपड़े की थैलियों का वितरण स्मार्ट सिटी की ब्रांड एंबेसेडर शुभांगी आप्टे ने किया। इस मौके पर उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों को शपथ भी दिलवाई।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल के संविदा कर्मियों को तीन माह से वेतन नहीं

रायपुर। प्रदेश में 403 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट स्कूलों में लगभग पांच हजार संविदा कर्मचारियों को विगत तीन माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है, वहीं इन स्कूलों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन मिल रहा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने नवपदस्थ संचालक दिव्या मिश्रा को पत्र लिखकर तत्काल राशि आवंटित करने की मांग की है। श्री पॉल ने बताया कि पांच हजार संविदा कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

### सिंधु पैलेस में कंवर जो मेलो 2 जून को, तैयारी में जुटे

रायपुर। कटोरा तालाब स्थित संत कंवरराम सेवा संकल्प के कार्यालय में रविवार को कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 2 जून को सिंधु पैलेस शंकर नगर में प्रस्तावित कंवर जो मेलो का भव्य आयोजन किया जाएगा, इसकी तैयारी के लिए सेवादारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इस आयोजन का शुभारंभ 2 जून को शाम 4 बजे पूज्य कंवरधाम अमरावती के प्रमुख साईं राजेश लाल, संत शदाणी नगर के डॉ. साईं युधिष्ठिरलाल, महंत अम्मा मीरादेवी, साईं लाल दास, छग साधु समाज एवं मसंद सेवाश्रम के प्रमुख साईं जलकुमार मसंद के सानिध्य एवं सिंधी समाज की गरिमामयी उपस्थिति में होगा।

# दुर्गम इलाकों में डाक्टर नियुक्त करने सीआरएमसी योजना, प्रोत्साहन राशि ही देना भूला विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


दुर्गम और कठिनतम इलाकों में स्वास्थ्य सेवा की सुविधा बढ़ाने लाई कई सीआरएमसी योजना में डाक्टरों की नियुक्ति कर दी गई है, मगर उन्हें प्रोत्साहन राशि देना स्वास्थ्य विभाग भूल गया। करीब ढाई सौ डाक्टर तिमाही किस्त के रूप में मिलने वाले तीन से तीस हजार रुपए के इंटेसिव का इंतजार पिछले एक साल से कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 में छत्तीसगढ़ रूरल मेडिकल कोर योजना को संशोधित कर लागू किया गया था। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती सहित उन इलाकों में रहने वालों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना था, जहां डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ सेवा देने से कतराते थे। इसके लिए अलग से प्रोत्साहन राशि की घोषणा की गई थी। चिकित्सा विशेषज्ञ से लेकर नर्सिंग स्टाफ से लेकर एएनएम तक थी। योजना के तहत नियमित और बांडेड मिलाकर करीब ढाई सौ डाक्टर सेवा दे रहे हैं और उन्हें अपनी प्रोत्साहन राशि मिलने का इंतजार है। इस राशि का भुगतान जिला स्तर पर बीएमओ से लेकर सीएमएचओ तक विभिन्न प्रक्रिया पूरी करने के बाद प्रत्येक तीन माह में ऑनलाइन किया जाना था, मगर सीआरएमएसी चिकित्सकों को पिछले एक साल से इसका भुगतान नहीं किया गया है। चिकित्सक इस योजना की तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि पाने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ रूरल मेडिकल कोर योजना, लगभग ढाई सौ डाक्टर कर रहे काम

### कलेक्टर से लेकर हेल्थ मिनिस्टर तक मिल चुके

चिकित्सकों ने बताया कि धमतरी, सूरजपुर, बलरामपुर, एमसीबी, सरगुजा, जशपुर, एमएमएसी, मुंगेली, बस्तर, कोरबा और जांजगीर-चांपा जिले के सीआरएमसी योजना के तहत दुर्गम इलाकों के स्वास्थ्य केंद्रों में ड्यूटी करने वाले डाक्टर इससे प्रभावित हैं। इस मामले में वे संबंधित जिलों के सीएमएचओ, कलेक्टर से मुलाकात कर चुके हैं, मगर समस्या का समाधान नहीं हुआ है।




### क्षेत्र में निवास और परफॉर्मेंस जरूरी

योजना के तहत प्रोत्साहन राशि का भुगतान चिकित्सकों के संबंधित स्वास्थ्य केंद्र वाले क्षेत्र में निवास करने और उपचार व्यवस्था में बेहतर फरफारमेंस के आधार पर किया जाता है। इसके लिए जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा तिमाही बैठक की जाती है। चिकित्सकों के अनुसार उन्हें शेष सारी प्रक्रिया पूरी की जाती है, मगर उनके खाते में प्रोत्साहन राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है।

## प्रशिक्षण स्थल में बनाया गया मतगणना हॉल का मॉडल

# वोटों की काउंटिंग के लिए दी गई आरओ एआरओ सहित अन्य अधिकारियों को ट्रेनिंग





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले की लोकसभा चुनाव-2024 की मतगणना 4 जून को सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में होगी। इसके लिए सोमवार को न्यू सर्किट हाउस ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण कैंप आयोजित किया गया, जिसमें रायपुर जिले के 7 विधानसभा क्षेत्र के अलावा बलौदाबाजार-भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के आरओ, डिप्टी डीईओ, एआरओ, एएआरओ, ईव्हीएम प्रभारी, पीबी नोडल, टेबुलेशन प्रभारी, सुरक्षा नोडल, टेक्निकल टीम, मास्टर ट्रेनर, डीआईओ एवं डीपीआरओ सहित अन्य अधिकारियों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया।

### मतगणना हाल का मॉडल बनाकर दिया गया प्रशिक्षण

ऑडिटोरियम स्थल पर अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए मतगणना हाल का मॉडल बनाया गया था। इसमें डाकमत पत्र गणना टेबल , ईवीएम का गणना टेबल एवं वीवीपैट काउंटिंग बूथ को दर्शाया गया है। मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण के दौरान सभी अधिकारियों को डेमो दिखाते हुए मतों की गणना किस तरह से करना है और इस दौरान क्या-क्या सावधानी बरतनी है। इसकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षक में राज्य निर्वाचन आयोग से आए प्रशिक्षक गीता दीवान, विनय अग्रवाल, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रुपेश कुमार वर्मा, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, विनोद अगलावे, सिस्टम मैनेजर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने मतगणना की प्रक्रिया को बारीकी से समझाया।

### मतगणना के हर राउंड में टेबुलेशन चार्ट में अभिकर्ता से लें हस्ताक्षर : गौरव सिंह

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने प्रशिक्षण कैंप को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान का कार्य जिस कुशलता से संपन्न कराया है वह ऐतिहासिक है। इसमें मतदान कर्मियों को ट्राली इत्यादि तथा मतदान केन्द्र में जो सुविधा दी गई, उसका सकारात्मक प्रतिसाद मिला है। कलेक्टर ने कहा कि अब मतगणना होनी है, यह निर्वाचन का अंतिम और सबसे मुख्य हिस्सा है। इसे गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें। सबसे मुख्य बात यह है कि मतगणना के दौरान संयमित व्यवहार करें। राजनैतिक दलों के अभिकर्ता को स्पष्ट जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि हर राउंड के बाद उनके टेबुलेशन चार्ट पर अवश्य हस्ताक्षर लें।

### कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कैंप 22 से 24 तक

मतगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को मतगणना के लिए प्रशिक्षण 22 से 24 मई को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कैंप जिला स्तर का होगा, जिसमें रायपुर जिले के वे कर्मचारी ही शामिल होंगे, जिनकी मतगणना में ड्यूटी लगी है।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा छग से जीत रही सभी सीट




कांग्रेस अपने बुरे कर्मों का अभिशाप भुगत रही, देश की जनता मोदी के साथ : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वनमंत्री केदार कश्यप ने लोकसभा चुनावों के परिणाम को लेकर कहा, छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट भारतीय जनता पार्टी जीत रही है। रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल प्रचंड मतों से जीत दर्ज करेंगे। यह सीट देश में सबसे ज्यादा वोटों से जीतने का रिकॉर्ड बनाने वालों की सूची में शामिल होगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी में चल रहे सर्वे को लेकर केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब खत्म होने की स्थिति में है। इनके पास नेताओं की भारी कमी है। उससे ज्यादा कमी गांधी परिवार के चरण चाटुकारों की है। इसीलिए गांधी परिवार की चरण वंदना करने वाले नेताओं का सर्वे कांग्रेस पार्टी द्वारा किया जा रहा है।

### ओडिशा में भी इस बार भाजपा सरकार

वन मंत्री केदार कश्यप ओडिशा में लगातार जनसंपर्क और विजय संकल्प रैली की। चुनाव परिणाम भाजपा ले पक्ष में है। उन्होंने कहा कि ओडिशा में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है। वहीं राज्य में कांग्रेस मुकाबले में भी नहीं है, उसे पूछने वाला कोई नहीं है। कांग्रेस पार्टी अपने आंतरिक कलह से निकल नहीं पाई है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि ओडिशा में भाजपा की लहर है।

### हताशा से उबर नहीं पा रही कांग्रेस

उन्होंने कांग्रेस नेत्री कुमारी शैलजा के नोटिस के मामले में कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उनके करीबी व्यक्ति द्वारा छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं को मानहानि के नोटिस मामले पर कहा, अरुण सिसोदिया ने भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नोटिस दिया था, उसका क्या हुआ? कांग्रेसी नेता अपने बुरे कर्मों की वजह चुनाव हार रहे हैं। इस हताशा से कांग्रेस पार्टी उबर नहीं पा रही है। उन्होंने कहा, जनता के साथ कांग्रेस ने गलत किया है, तो जनता सजा जरूर देगी।

# गर्मी की छुट्टियों में बढ़ा सफर

## सप्ताहभर में 24 हजार यात्री दूसरे शहर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



गर्मी की छुट्टियों में घूमने-फिरने ठंडे प्रदेश की ओर लोगों के जाने का सिलसिला लगातार जारी है। बीते सप्ताह रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के जरिए 24 हजार से अधिक यात्री दूसरे शहर के लिए रवाना हुए। इस सप्ताह रायपुर से विभिन्न शहरों के लिए एयरक्राफ्ट 158 बार टेकऑफ हुए।

- घूमने-फिरने ठंडे प्रदेश की ओर, 158 बार टेकऑफ हुए एयरक्राफ्ट

माना जा रहा है कि मई के बाद जून के पहले पखवाड़े में रायपुर एयरपोर्ट के माध्यम से यात्रियों का बड़ी संख्या में आना जाना रहेगा। अभी यात्रियों की संख्या बढ़ने की एकमात्र वजह गर्मी की छुट्टियों को माना जा रहा है। छुट्टी की वजह से लोग इस महीने घूमने-फिरने का मन बनाते हैं और उनके बीच ठंडा प्रदेश आकर्षण का केंद्र होता है। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ी हुई है और मई के पहले सप्ताह में तो आवाजाही करने वाले यात्री पचास हजार के करीब पहुंच गए थे। इस बार यात्रियों की संख्या 47 हजार 235 रही, जिसमें से 24 हजार यात्री तो दूसरे शहरों के लिए रवाना हुए और 23228 यात्री रायपुर लौटे। पिछले सप्ताह की तुलना में इस बार एक फ्लाइट की आवाजाही कम हुई। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के अनुसार अगले महीने से बारिश की गतिविधि शुरू हो जाएगी और स्कूल खुलने का दौर भी शुरू हो जाएगा, जिसके बाद सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में कमी आ जाएगी।

## एनएसयूआई के कई गुटों ने अलग-अलग समय में दिया ज्ञापन

# ऐसी गुटबाजी... किस्तों में सौंपा ज्ञापन बीकॉम रिजल्ट को लेकर थी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में सोमवार को दिनभर ज्ञापन सौंपने का दौर चलता रहा। ये ज्ञापन किसी अलग-अलग संगठनों द्वारा नहीं बल्कि एनएसयूआई के ही अलग-अलग छात्रों के समूहों द्वारा दिए गए। गौरतलब है कि एनएसयूआई में लंबे वक्त से गुटबाजी की खबरें सामने आ रही हैं। सोमवार को इसका उदाहरण भी देखने को मिला, जब एक ही संगठन से होने के बाद भी छात्रों ने एक साथ ज्ञापन सौंपने के स्थान पर पृथक-पृथक रूप से रविवि प्रबंधन के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई। छात्रों के इन गुटों के शिकायत दर्ज करने के समय में कुछ ही मिनटों का अंतराल रहा। छात्रों के प्रदर्शन के इस तरीके से रविवि प्रबंधन भी हैरान नजर आया।

छात्रों के सभी गुटों के प्रदर्शन के दौरान विवि प्रबंधन में एहतियातन सुरक्षा बंदोस्त किए गए थे। आचार संहिता लागू होने के कारण छात्रों द्वारा केवल ज्ञापन ही सौंपा गया। किसी तरह का विरोध-प्रदर्शन अथवा नारेबाजी छात्रों द्वारा नहीं की गई। छात्रों के एक गुट ने जिला उपाध्यक्ष भोजराज चौहान के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा तो वहीं एक अन्य गुट द्वारा जिला महासचिव रजत ठाकुर की अगवाई में अपनी शिकायत रखी गई।





### दोबारा जांची जाएं उत्तरपुस्तिकाएं

एनएसयूआई का आरोप है कि रविवि द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लापरवाही बरती गई है। 16 मई को घोषित किए गए बीकॉम प्रथम वर्ष के परिणाम में 51 प्रतिशत छात्र अनुत्तीर्ण रहे हैं। सौंपे गए ज्ञापन में छात्रों ने कहा है कि जो परिणाम घोषित किए गए हैं, वे संतोषजनक नहीं हैं। आधे छात्रों को फेल कर दिया गया है। उनके साथ अन्याय होता हुआ सा प्रतीत हो रहा है। 30 छात्रों ने सूचना का अधिकार के अंतर्गत अपनी उत्तर पुस्तिका की सत्यापित प्रति प्राप्त करने के लिए आवेदन भी किया। छात्रों ने बीकॉम प्रथम वर्ष की उतरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए आग्रह किया है।

### ऐसी कोई बात नहीं

संगठन में गुटबाजी जैसी कोई बात नहीं है। छात्रों के पहुंचने के समय में पर्याप्त अंतर था। वे पृथक-पृथक महाविद्यालय के छात्रों का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे थे।

- शांतनु झा, जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

## राज्य में हत्या, हत्या की कोशिश से तीन गुना से ज्यादा मामले रोड एक्सीडेंट के

# सड़क दुर्घटना की मैकेनिज्म जानकारी जिम्मेदारों को ऑनलाइन मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रोड एक्सीडेंट वाहन चालकों की लापरवाही की वजह से होती है, इसके साथ ही रोड एक्सीडेंट के और कई कारण होते हैं। एक्सीडेंट की घटना घटित होने के बाद डॉक्टरों की जिम्मेदारी से लेकर पुलिस की विवेचना तक महत्वपूर्ण होती है। एक्सीडेंट के कारण से लेकर पुलिस की विवेचना, चिकित्सकों की सतर्कता से लेकर रोड मैकेनिज्म का इंटिग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस (ई-रेड) का इलेक्ट्रानिक डिटेल एक्सीडेंट रिपोर्ट (ई-डार) तैयार कर मौके से ही केंद्रीय मंत्रालय के साथ राज्य सरकार के पास भेजा जाएगा। इसे लेकर यातायात थाना में विवचकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का आयोजन एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश में किया गया, जिसमें जिले से सभी थानों के 87 विवेचक शामिल हुए। कार्यशाला की अध्यक्षता अंतर्विभागीय लीड एजेंसी के अध्यक्ष एआईजी संजय शर्मा ने की। कार्यशाला में ई-रेड, ई-डार के स्टेट रोल आउट मैनेजर सारंशा सिरके के साथ एएसपी ट्रैफिक ओम प्रकाश शर्मा सहित ट्रैफिक पुलिस के अफसर शामिल हुए। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे संजय शर्मा के मुताबिक केंद्रीय मंत्रालय द्वारा एप विकसित करने का उद्देश्य एक्सीडेंट होने पर घटना स्थल पहुंचकर विश्लेषण कर एप में जुड़े परिवहन, पुलिस, सड़क निर्माण एजेंसी एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिक निगम एवं स्वास्थ्य विभाग को एक साथ जानकारी साझा करना है।



### ऐसे करेंगे एप का उपयोग

एक्सीडेंट होने पर विवेचक घटनास्थल पहुंचकर एप के माध्यम से आवश्यक जानकारी ऑनलाइन प्रविष्ट करेगा तथा घटनास्थल का फोटो एवं विडियो अपलोड करेगा। दुर्घटना का वास्तविक कारण जो मौके पर पता चलता है, उसमें यदि सड़क इंजीनियरिंग खामियों के कारण दुर्घटना हुई है, जिसमें सुधार की आवश्यकता हो तो थाना प्रभारी के माध्यम से सड़क प्राधिकार एजेंसी को ई-रेड, ई-डार एप से ही रिक्वेस्ट भेजेगा। इसके बाद संबंधित एजेंसी घटनास्थल पहुंचकर मुआयना करेगी तथा दुर्घटना रोकने उपाय करेगी।

### राज्य से लेकर केंद्र स्तर पर की जाएगी मॉनिटरिंग

एक्सीडेंट को लेकर एप में जो डेटा अपलोड किया जाएगा, उस डेटा का राज्य से लेकर केंद्र स्तर पर मॉनिटरिंग की जाएगी। साथ ही एक्सीडेंट का विश्लेषण कर सड़क दुर्घटना नियंत्रण के लिए कार्ययोजना तैयार कर राज्यों को निर्देशित करने की व्यवस्था की गई है। सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को उपचार के लिए तत्काल हास्पिटल पहुंचाने की आवश्यकता होती है, जिसके कारण कई मामलों में संबंधित थाना को सूचना प्राप्त नही हो पाती। ऐसी स्थिति में हास्पिटल में चिकित्सकों की जिम्मेदारी तय की गयी है।

### फर्जी बीमा क्लेम पर अंकुश

ई-रेड, ई-डार में सड़क दुर्घटना प्रकरणों की जानकारी वाहन के संबंधित बीमा कंपनी एवं दावा अभिकरण को भी प्रेषित किये जाने का प्रावधान है, जिससे पीड़ितों को क्षतिपूर्ति का मुआवजा प्रदाय करने की कार्यवाही जल्द की जा सके। थानों के इस एप के माध्यम से दुर्घटना प्रकरणों की जानकारी बीमा कंपनी तथा दावा अभिकरण को भेजे जाने पर दुर्घटना की वास्तविक जानकारी हो पाएगी। इससे दुर्घटना के फर्जी दावों पर अंकुश लगेगा।

### इस अपराध से तीन गुना ज्यादा मौत रोड एक्सीडेंट में

गौरतलब है कि रायपुर जिले में वर्ष 2023 में हत्या तथा गैर इरादतन हत्या के कुल 155 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि वर्ष 2023 में रोड एक्सीडेंट में 507 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। हत्या तथा गैर इरादतन हत्या के मामलों में पुलिस गंभीरता से जांच कर आरोपियों को जेल भेजने का काम करती है, वहीं रोड एक्सीडेंट के मामले में विवेचना के अभाव में मृतक के परिजनों का न्याय नहीं मिल पाता।

## खबर संक्षेप



### छग की योग टीम ने नेपाल में जीता गोल्ड मेडल, सीएम ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** इंडो-नेपाल योगा कॉम्पीटीशन में गोल्ड मेडल हासिल करने वाली छत्तीसगढ़ की योग टीम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि योग टीम के गोल्ड मेडल हासिल करना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है, उन्होंने टीम के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं दीं। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने भी छत्तीसगढ़ की योग टीम की प्रदर्शन की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। गौरतलब है कि इस महीने 9 से 12 मई तक नेपाल में आयोजित हुए इंडो-नेपाल योगा कॉम्पीटीशन में छत्तीसगढ़ के 10 सदस्यीय टीम ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में टीम को गोल्ड मेडल से नवाजा गया है। इस टीम के कोच ज्योति दीपक कुंभारे हैं। योगा टीम में दिव्या जैन, प्रीत साव, पुष्पा साव, धमेश, छाया जैन, हेमलता, हर्षा, क्षमता शामिल हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर 31 को कार्यक्रम

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस 31 मई जनसामान्य में धुम्रपान और तंबाकू सेवन करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जनचेतना विकसित करना है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के समस्त जिलों में अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर नशामुक्ति के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और लोगों को जागरूक किया जाएगा। नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन शहर से लेकर ग्राम स्तर तक किया जाएगा।

### ठंडे बस्ते में चली गई ई-कोर्ट की योजना

**रायपुर।** मेडिको लीगल मामलों में डाक्टरों को पेशी के लिए न्यायालय के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाने के लिए आंबेडकर अस्पताल में ई-कोर्ट योजना ठंडे बस्ते में चली गई। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन और न्यायालय के बीच ऑनलाइन सिस्टम विकसित किया जाना था। लिंक नहीं मिलने की वजह से इस पर अब तक काम पूरा नहीं हो पाया है और चिकित्सकों को पेशी के रायपुर के साथ दूसरे जिले के न्यायालय जाना पड़ता है।

### दोपहिया वाहन आपस में भिड़े दोनों महिला चालक घायल

**भिलाई।** चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज के निकट रेलवे एवेन्यू पर सोमवार को हुई दुर्घटना में दो दोपहिया चालक महिलाएं घायल हो गईं। दोनों घायलों को अलग अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक की स्थिति गंभीर होने की खबर है। एक अन्य घायल महिला प्राईवेट बैंक की कर्मचारी है।

# रायपुर सहित 7 जिलों की 16 हजार सीटों पर निकाली गई लॉटरी, दाखिले जून अंत तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शिक्षा के अधिकार अंतर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया सोमवार से प्रारंभ हो गई। सोमवार को प्रदेश के 7 जिलों की लॉटरी निकाली गई। इसमें राजधानी रायपुर के साथ ही दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, कवर्धा, जगदलपुर एवं जशपुर शामिल रहे। इन जिलों की 16 हजार सीटों के लिए लॉटरी निकाली गई है।

अन्य जिलों के स्कूलों में प्रवेश के लिए लॉटरी संबंधित प्रक्रिया विभाग द्वारा 30 मई तक पूर्ण की जाएगी। इसके बाद छात्रों को संबंधित विद्यालयों में प्रवेश लेना होगा। इसके लिए उन्हें जून प्रारंभ से लेकर अंत तक का समय दिया जाएगा। प्रथम चरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए जाएंगे। इनमें रायपुर में 5 हजार 126 आरक्षित सीटों के विरूद्ध 4 हजार 655, दुर्ग में 4 हजार 293 सीटों के विरूद्ध 3 हजार 462, बिलासपुर में 4 हजार 558 सीटों के विरूद्ध 3 हजार 609, राजनांदगांव में एक हजार 703 सीटों के विरूद्ध एक हजार 471, कवर्धा में एक हजार 551 सीटों के विरूद्ध एक हजार 242, जशपुर में एक हजार 252 सीटों के विरूद्ध 895 और जगदलपुर में 761 सीटों के विरूद्ध 702 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।



- 20 से 30 मई तक पूरी की जाएगी सभी जिलों में लॉटरी की प्रक्रिया
- दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव ,कवर्धा जगदलपुर एवं जशपुर के निजी स्कूलों में दाखिले प्रारंभ

### 33 हजार आवेदनों में से चयन

इन सात जिलों में 16 हजार सीटों के लिए करीब 33 हजार आवेदन स्वीकृत हुए थे। 33 हजार सीटों में से 16 हजार छात्रों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया है। लॉटरी में पालक, छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी, लोक शिक्षण संचालनालय की संचालिका दिव्या मिश्रा, स्कूल शिक्षा विभाग से योगेश शिवहरे, आशुतोष चौरे, अशोक बंजारा, दिनेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। जिन छात्रों के नाम लॉटरी में निकाले गए हैं, उन्हें आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए संबंधित विद्यालयों में तय तिथि तक प्रवेश लेना होगा।

### एसएमएस के जरिए दी जाएगी सूचना

संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदेश में संचालित 6 हजार 554 निजी विद्यालयों के प्रारंभिक कक्षा में आरक्षित 52 हजार 872 सीटों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में सोमवार को 16 हजार 41 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाएगा। आवेदन करते वक्त पालकों द्वारा जो फोन नंबर दर्ज कराया गया था, उसी फोन नंबर पर मैसेज भेजा जाएगा।

## बिरगांव निगम द्वारा उरकुरा में बनवाए जा रहे भवन की मॉनिटरिंग में अनदेखी से ऐसा हाल

# एजेंसी ने अटकाया डुप्लेक्स मंगल भवन निर्माण समय खत्म होने के 5 महीने बाद भी 60% काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

डुप्लेक्स मांगलिक भवन निर्माण की धीमी चाल के कारण उरकुरा के लोगों को मिलने वाली सुविधा का अरसे से इंतजार है। इस भवन को बनाने के लिए तीन साल पहले भूमिपूजन और इसके बाद सिर्फ 11 महीने में नई सुविधा देने का दावा फेल है। निर्माण को दिसंबर में पूरा करना था, जबकि स्पाट पर अभी भी 60 प्रतिशत काम ही हुआ है। निगम के जिम्मेदार निर्माण एजेंसी से काम पूरा करवाने में रुचि भी नहीं ले रहे हैं।

निगम बनने के 9 साल बाद भी बिरगांव निगम सुविधा के लिए तरस रहा है। जिन निर्माण कार्यों को शासन से मंजूरी भी मिल रही, उसे निगम के जिम्मेदार पूरा करवाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। इससे लोगों के बीच सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। इसकी जानकारी जिम्मेदारों से लेने पर पता चला कि निगम प्रशासन ने लोगों की मांग पर 2. 83 करोड़ में डुप्लेक्स मंगल भवन बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव दिया था। इसे मंजूरी मिलने के बाद करीब तीन साल पहले लोगों की सुविधा के लिए डुप्लेक्स मंगल भवन बनाने के लिए भूमिपूजन किया गया। इसके बाद जिस एजेंसी को निर्माण की जिम्मेदारी दी गई, उसने पहले वित्तीय दिक्कतों के कारण काम बंद किया। फंड मिलने पर दोबारा काम शुरू करवाते समय प्रोजेक्ट को 11 महीने यानी 11 दिसंबर तक पूरा करने की शर्त रखी गई, लेकिन प्रोजेक्ट अभी तक 40 फीसदी अधूरा है। इसके कारण लोगों को सुविधा के लिए अभी भी इंतजार करना पड़ रहा है।





*लोगों को मिलेगी यह सुविधा : मंगल भवन का निर्माण 10 हजार वर्गफीट एरिया में किया जा रहा है। इसमें लोगों को विभिन्न आयोजनों के लिए बड़ा हाल और रसोई की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा शादी-सगाई के लिए भवन बुक कराने वाले परिवारों को सर्वसुविधा युक्त 5 कमरे भी मिलेंगे। भवन के लिए करीब एक एकड़ जमीन को आरक्षित किया गया है। इस भवन परिसर में लोगों को वाहन पार्किंग की सुविधा दी जाएगी। निर्माण को कब तक पूरा करना है ,इसके लिए जिम्मेदारों ने नई एजेंसी को जिम्मेदारी देने के बाद भूल गए हैं। इसका संचालन निगम द्वारा कार्यालय से किया जाएगा।*

### मॉनिटरिंग करवा रहे, होगी कार्रवाई

भवन निर्माण की प्रक्रिया को दोबारा शुरू करवाने के बाद मानीटरिंग करवा रहे हैं। अभी तय कार्यों में 60 प्रतिशत निर्माण एजेंसी ने पूरा किया है। विलंब की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड लगाने के लिए जिम्मेदारों को निर्देश दिया जाएगा।

**- नंदलाल देवांगन, महापौर,** नगर निगम, बिरगांव

### गुमराह करने बोर्ड नहीं लगाया

निर्माण कार्य को किस एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए कितना बजट खर्च किया जाएगा। निर्माण कब शुरू किया गया और कब तक इसे पूरा किया जाना है, यह तमाम जानकारी लोगों को मिले, इसके लिए निर्माण स्थल पर बोर्ड लगाने का नियम है। निगम के जिम्मेदारों की अनदेखी का फायदा उठाने वाली निर्माण एजेंसी ने मौके पर ऐसा कोई बोर्ड भी नहीं लगाया है। इससे लोगों को निर्माण पूरा होने के बाद कब से नई सुविधा मिलेगी। इसकी जानकारी जनता को नहीं मिल रही और निर्माण एजेंसी से कोई जवाब भी मांगने भी नहीं पहुंच रहा है।

### इस कारण भी रफ्तार हुई धीमी

डुप्लेक्स भवन निर्माण के लिए जिस एजेंसी को 2023 में वर्कआर्डर दिया गया। उसने खुद काम करने की बजाय पेटी कांटेक्ट में दूसरे ठेकेदार को जिम्मेदारी दी। बाद में जुर्माना से बचने के लिए टेंडर लेने वाली एजेंसी ने कार्रवाई से बचने के लिए खुद काम करने का निर्णय लिया। दोनों ही एजेंसियों के बीच लोगों की सुविधा में अटकाए जा रहे रोड़े को खत्म करने के बजाय निगम के जिम्मेदारों ने मानीटरिंग में भी कोताही बरती। इसके कारण 11 दिसंबर के बजाय अभी भी उरकुरा में रहने वाली 25 हजार से ज्यादा आबादी को मिलने वाली नई सुविधा अटकी हुई है।

# नेहरू नगर से भाठागांव के नए बस टर्मिनल तक डिवाइडर तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- डेढ़ किलोमीटर दायरे में 14 मीटर चौड़ी सड़क
- ट्रैफिक के दबाव से मिलेगी राहत
- 2 वार्ड के रिहाइशी इलाके की पुरानी सड़क चकाचक

नेहरू नगर से भाठागांव के नए बस टर्मिनल तक डिवाइडर तैयार है। डेढ़ किलोमीटर के दायरे की यह सड़क अब चौड़ी होने के साथ ही चकाचक हो गई है। बिना तोड़फोड़ किए इस सड़क को सुगम आवागमन के लिए 14 मीटर चौड़ी कर गंदे पानी के निकास के लिए पक्की और कवर्ड नाली बनाई गई है। 2 वार्डों के रिहाइशी इलाके वाली इस सड़क पर 15 मीटर के फासले पर 1 स्ट्रीट पोल लगाया गया है। इस तरह कुल 40 स्ट्रीट पोल लगाकर पूरे एरिया को रोशनी से जगमगाया गया है।

रायपुर नगर निगम के जोन 6 द्वारा नेहरू नगर से अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल तक सुगम आवागमन के लिए सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया गया है। नगर निगम जोन 4 और जोन 6 के दायरे की इस नई सड़क के चौड़ीकरण का काम 15 माह की समय अवधि में पूरा कराया गया है। नए बसस्टैंड बनने के साथ ही इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बढ़ने के साथ यहां ट्रैफिक का दबाव बढ़ा है। ऐसे में आम जनता को सुरक्षित आवागमन की सुविधा देने रोड डिवाइडर बनाया गया है।

डिवाइडर के सेंट्रल पाइंट पर लाइटें लगाकर प्रकाश की व्यवस्था की गई है। साथ ही पुराने बेतरतीब बिजली के खंबों को व्यवस्थित करने का काम कराया गया है।

### सुगम आवागमन के लिए सुव्यवस्थित सड़क

नेहरू नगर चौक से भाठागांव के नए बस टर्मिनल तक सड़क चौड़ीकरण कर नया डिवाइडर बनाया गया है। इससे लोगों को अब सुगम आवागमन के लिए सुव्यवस्थित सड़क मिलेगी।

**- रमेश जायसवाल,** कमिश्नर, जोन 6, नगर निगम रायपुर

# दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया किशोर खारुन नदी में डूबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



दुर्ग जिले के अमलेश्वर थाना क्षेत्र की खारुन नदी में डूबने से रायपुर के एक युवक की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। साथ ही किशोर के साथ पिकनिक मनाने गए अन्य लड़कों के साथ पूछताछ कर रही है। घटना रविवार देर शाम की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक गुढ़ियारी निवासी 17 वर्षीय सागर साहू की नदी में डूबने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को सागर अपने अन्य दोस्तों के साथ काठाडीह में पिकनिक मनाने गया था। इसी दौरान पानी की गहाराई का अंदाजा लगाए बगैर सागर ने नदी में छलांग लगा दी। नदी गहरी होने के साथ पानी का बहाव तेज था। इसके कारण सागर नदीं में डूब गया। देर तक सागर के पानी से बाहर नहीं निकलने पर दोस्तों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। रात ज्यादा होने की वजह से गोताखोर सागर को नहीं ढूंढ पाए। सागर की लाश सुबह नदी में तैरती मिली। इसके बाद काफी देर तक दुर्ग के साथ रायपुर पुलिस सीमा विवाद के कारण सागर की लाश नदी से निकालने बचते रहे।

### एक सप्ताह के भीतर दूसरी घटना

खारुन नदी में डूबने से मौत की एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी घटना है। एक सप्ताह पूर्व रायपुरा के रहने वाले गौरव वर्मा की खारुन में डूबने से मौत की घटना सामने आई थी। गौरव भी अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने खारुन नदी के तट पर पहुंचा था। गौरतलब है कि गर्मी के दिनों में खारुन नदी के तट पर पिकनिक मनाने जाने वाले युवा नदी में पानी कम होने का अनुमान लगाते हुए नदी में छलांग लगा देते हैं, जिसकी वजह से जिन्हें तैराकी नहीं आती, उनकी नदी में डूबने से मौत हो जाती है।

### डीके अस्पताल के मरीजों को देना पड़ रहा शुल्क

**रायपुर।** बीमारी का इलाज कराने के लिए डीके सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल आने वाले मरीजों को वहां निशुल्क जांच की सुविधा नहीं मिल रही है। यहां की जांच व्यवस्था निजी हाथों में होने की वजह से ओपीडी के मरीजों को भी रेडियोलॉजी, पैथालॉजी जांच के लिए पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। मरीज की आईपीडी सेवा के दौरान उन्हें आयुष्मान योजना का लाभ मिल पाता है। जबकि आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों से इस तरह का शुल्क नहीं लिया जाता।

### सीसीटीवी बढ़ाने का इंतजार

**रायपुर।** लगातार चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए आंबेडकर अस्पताल में सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने की योजना को हरी झंडी देने का इंतजार किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा नई सीसीटीवी कैमरे की खरीदी की जा चुकी है और पुराने कैमरों को अपडेट करने का इंतजार किया जा रहा है। इस बार कैमरे ओपीडी गैलरी के साथ उन गलियारों में भी लगाने की योजना है जहां काफी गहमा गहमी होती है। माना जा रहा है कि कैमरों की संख्या बढ़ने के बाद यहां होने वाले अप्रिय घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकेगी।

## पेज 11 के शेष

### मतगणना की तिथि ..

की जितनी उम्मीदें लोक सभा निर्वाचन में आने वाली विधानसभा में टिकी हुई है, उतना ही भरोसा उन्हें बेमेतरा जिले की साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा सीटों से भी है, परंतु जैसे-जैसे मतगणना की तिथि नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे प्रत्याशियों के दिलों की धड़कन तेज होती जा रही है। सर्वाधिक बेचैनी भाजपा और कांग्रेस खेमे में देखने को मिल रही है। पार्टी के प्रत्याशियों के अलावा उन पार्टी नेताओं के चेहरे की भी हवाईयां उड़ी हुई हैं, जिन्होंने अपने-अपने प्रत्याशियों को अपने-अपने क्षेत्र से जीत का भरोसा दिलाया है।

### अधिकारियों ने रुकवाया ...

विकास विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हल्पलाईन 1098 एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा शिकायत प्राप्त होने पर महिलांगे परिवार में हो रहे बालिका के बाल विवाह को रोकवाया गया। उक्त बालिका की बारात ग्रान हीरापुर, जिला कवर्धा के कोसले परिवार से आना था। सूचना के बाद टीम द्वारा बालिका के परिजनों के समक्ष कार्यवाही की गई। बालिका के परिजनों द्वारा निर्धारित आयु पूर्ण होने के बाद ही विवाह किये जाने के लिए अपनी सहमति प्रदान की गई तथा विवाह स्थगित करने की बात कही गई, युवक के परिजनों के कथन अनुसार हमें यह ज्ञात नहीं था कि वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है। उक्त गठित टीम में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा समझाइश दिये जाने पर वधू पक्ष द्वारा उक्त बालिका की विवाह वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत विवाह किये जाने की शपथपूर्वक कथन किया गया। संयुक्त टीम द्वारा उन्हे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि निर्धारित आयु पूर्ण होने के पूर्व विवाह करवाना अपराध है, बाल विवाह कराने वाले सभी सेवा प्रदाताओं पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। जो व्यक्ति ऐसा करता या कराता है या विवाह में सहयोगy प्रदान करता है. तो उसे भी 02 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रू. तक हो सकता है अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह के दुष्परिणामः बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह से बच्चों के पोषण और हिंसा, उत्पीडन व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में बाल विवाह से शिक्षा के अधिकारों का हनन होता है। बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पडता है।

### मानसून से पहले ...

तारों के आसपास के, असुरक्षित होडिंग का निरीक्षण कर हटाने, के भी निर्देश दिये। कलेक्टर शर्मा ने जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) स्थापित करने और हर जिले में जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी भी नामांकित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर यह भी सुनिश्चित करने कहा गया है कि यह कन्ट्रोल रूम 24 घंटे कार्य करें और कन्ट्रोल रूम के दूरभाष की जानकारी आम नागरिकों को उपलब्ध कराने के लिए इसका प्रचार स्थानीय समाचार पत्रों, आकाशवाणी और दूरदर्शन पर किया जाए और सूचना पटल पर भी टेलीफोन नम्बर प्रदर्शित किया जाए। आपदा कन्ट्रोल रूम आगामी 01 जून से 24 घंटे काम करना शुरू कर दें यह भी सुनिश्चित किया जाये। श्री शर्मा ने ज़िले के ऐसे क्षेत्रों की पहचान करने को कहा गया है जहां प्रतिवर्ष बाढ़ जैसी आपदा का सामना करना पड़ता है। उन्हें इन क्षेत्रों की सतत निगरानी के लिए विशेष व्यवस्था करने और बाढ़ जैसी स्थिति में लोगों को आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने और उनके ठहराने के लिए कैम्प स्थापित करने की सम्पूर्ण योजना पहले से निश्चित करने को कहा गया है। पेयजल की शुद्धता और स्वच्छता की दृष्टि से कुओं और हैण्डपम्पों में ब्लीचिंग पावडर के छिड़काव की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने कहा। भौगोलिक दृष्टि से पहुंच विहीन क्षेत्रों में जहां बाढ़ की स्थिति में पहुंचना संभव नहीं होगा, वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री, केरोसिन, जीवन रक्षक दवाइयों का नियमानुसार भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बाढ़ से बचाव संबंधी उपलब्ध उपकरणों की दुरस्ती कराके, उनके तुरंत उपयोग के लिए तैयार रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। मोटर बोट उपलब्ध हैं, उनकी जानकारी शीघ्र राहत आयुक्त को उपलब्ध कराने कहा । कलेक्टर सभी वर्षा मापक केन्द्रों पर स्थापित वर्षा मापक यंत्रों का उचित संधारण और जानकारी संकलित करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी करने के निर्देश दिए।

**तैयारी अच्छी हो तो जन-धन की हानि को रोका जा सकता है : एसपीः** पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि आपदा हर समय है। गर्मियों में आगजानी, आँधी-अंधड़ में भी जन-धन की हानि होती है। प्राकृतिक आपदा घटना को टाला नहीं जा जा सकता। उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी अच्छी हो तो जन-धन हानि को रोका जा सकता है। इसलिए सभी संभावित तैयारियु और जिम्मेदारी तय करना अच्छा होता है। समय पर सूचना मिले, फ़ायर फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, गोताखोर आदि समय पर आपदा घटना स्थल पहुँच सकें। यह तभी संभव है जब आपकी तैयारी पहले से पूरी है।जिला सेनानी होमगार्ड ने अपनी तैयारियों और बचाव राहत सामग्री की जानकारी दी।

# शादी तय नहीं होने से नाराज सनकी पति ने पत्नी और बेटी को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- घटना खरोरा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर की

खरोरा थाना क्षेत्र के घेवरा गांव में एक नशेड़ी, सनकी पति ने बड़ी बेटी की शादी होने के बाद छोटी बेटी की शादी तय नहीं होने से नाराज होकर अपनी पत्नी तथा बेटी की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी। आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना सोमवार दोपहर की है।

पुलिस के मुताबिक योगेश वर्मा को अपनी पत्नी जानकी तथा बेटी आरती की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार योगेश आदतन नशेड़ी होने के साथ सनकी मिजाज का था, वह अपनी पत्नी पर शंका करता था। इस वजह से योगेश का अपनी पत्नी के साथ आए दिन विवाद होता था। घटना दिनांक को योगेश ने अपनी पत्नी पर आरती की शादी तय नहीं होने देने का कारण मानते हुए विवाद किया। पति, पत्नी के बीच विवाद इतना गहरा गया कि योगेश अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने लगा।

इसी दौरान बीच बचाव करने मौके पर आरती पहुंची, तो योगेश ने घर में रखे कुल्हाड़ी से दोनों पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। भागने की कोशिश कर रहे योगेश को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

**न्यायालय श्रीमान चतुर्थ अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
अनुसूइया बाई वर्मा वगै. ... आवेदिकागण
विरूद्ध
सनील कुमार वगै. .... अनावेदकगण
दावा प्र.क्र. 1145 / 2021
पेशी तारिख 26 .06 .2024
प्रो.क्र. ................

**ईश्तहार/ नोटिस/ संमस**

आवेदिका अनुसूइया बाई वर्मा पति स्व. हमेराम वर्मा वगै. निवासी ग्राम बोदरी थाना-चकरभाठा जिला - बिलासपुर (छ.ग.) व्दारा आप अनावेदक मनीष कुमार शुक्ला पिता नालूम निवासी मकान 54 वार्ड नं. 16 खैरा, थाना-नांदघाट, जिला - बेमेतरा (छ.ग.) के विरूद्ध आवेदिकागण द्वारा अपने पति/ पिता की मृत्यु की क्षति की क्षतिपूर्ति हेतु दावा मामला प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त ईश्तहार के माध्यम से आपको सूचित किया जा रहा है कि आप दिनांक 26 .06 .2024 को स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर मामले मे दावा / आपत्ती प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा कि स्थिति मे आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कि जावेगी। यदि नियत दिनांक को किसी कारणवश न्यायालय मे अवकाश हो तो मामले कि सुनवाई आगामी श्रवण तिथि को कि जावेगी।

आज दिनांक 30/04/24 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय कि पदमुद्रा से जारी किया गया है। दिनांक 30/04/24
बिलासपुर (छ.ग.)
(कु. पुष्पलता मारकण्डे)
चतुर्थ अति. मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान चतुर्थ अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
सतीश वर्मा ..........आवेदक
विरूद्ध
सनील कुमार वगै. ... अनावेदकगण
दावा प्र.क्र. 1144 / 2021
पेशी तारिख 26 .06 .2024
प्रो.क्र. ................

**ईश्तहार/ नोटिस/ संमस**

आवेदक सतीश वर्मा पिता स्व. शिवप्रसाद वर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम-बोदरी थाना-चकरभाठा जिला - बिलासपुर (छ.ग.) व्दारा आप अनावेदक मनीष कुमार शुक्ला पिता नालूम निवासी मकान 54 वार्ड नं. 16 खैरा, थाना-नांदघाट, जिला - बेमेतरा (छ.ग.) के विरूद्ध आवेदक व्दारा स्वंय के क्षति की क्षतिपूर्ति हेतु दावा मामला प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त ईश्तहार के माध्यम से आपको सूचित किया जा रहा है कि आप दिनांक 26 .06 .2024 को स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर मामले मे दावा / आपत्ती प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा कि स्थिति मे आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कि जावेगी। यदि नियत दिनांक को किसी कारणवश न्यायालय मे अवकाश हो तो मामले कि सुनवाई आगामी श्रवण तिथि को कि जावेगी।

आज दिनांक 30/04/24 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय कि पदमुद्रा से जारी किया गया है। दिनांक 30/04/24
बिलासपुर (छ.ग.)
(कु. पुष्पलता मारकण्डे)
चतुर्थ अति. मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
बिलासपुर (छ.ग.)

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग महिला से लूट का प्रयास, अपराध दर्ज

**भिलाई।** पैदल टहलने गई महिला से अज्ञात युवक लूट का प्रयास किया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 394 के तहत जुर्म दर्ज किया है।भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि बजरंग पारा निवासी श्रीमती देवन्ती देवी ने शिकायत किया है। 19 मई की सुबह 5 बजे टहलने के लिए घर से निकली थी। पैदल टहलते हुए सिरसा गेट चौक के आगे नहरनाली के पास पहुंची थी। तभी पीछे से एक अज्ञात युवक आया और दोनों हाथ को पकड़कर हाथ में पहने सोने की चुड़ी को लूटने का प्रयास किया। वृद्ध महिला के चिखने चिल्लाने पर आरोपी ने ईंट के टुकड़े से सिर, आंख के पास हमला कर फरार हो गया। घटना में वृद्ध महिला घायल है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पुलिस के मकान से बुलेट और नकदी चोरी

**भिलाई।** आरक्षक के घर में खडी बुलेट और नगदी पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380,457 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि उमदा रोड ड्रीम सिटी में किराए के मकान में टिकेन्द्र रहता है। ट्रैफिक पुलिस भिलाई-3 जोन में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। 18 मई की रात निजी काम से बहन व जीजा के घर रायपुर गया था। 19 मई की सुबह पड़ोसी ने फोनकर बताया कि उनके घर के पीछे तरफ का दरवाजा खुला है और सामने दरवाजे का ताला टूटा है। घर आकर देखा तो घर में रखे लोहे की पेटी से नगद और घर के सामने खड़ा बुलेट गायब मिला।

### लाखों की ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** समाजसेवी के साथ ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने दुर्ग से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि स्टील कालोनी वार्ड 60 निवासी गुरमीत कौर धनई को रकम दोगुना करने का झांसा देकर श्रेयांश जैन स्वयं फाईनेशल एडवाईजर बताकर 56 लाख रुपए का ठगी किया।

**आयोजन : शासकीय विद्यालय जेवरा में आयोजित समर कैंप का अवलोकन करने पहुंचे कलेक्टर**

# सफलता के लिए सजग होकर सीखना आवश्यक : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पूरे छत्तीसगढ़ में राज्य शासन की अभिनव पहल पर संकुल केंद्र जेवरा अन्तर्गत प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा में समर कैम्प के नियमित दैनिक चर्या में रचनात्मक कार्यों को सीखने के कौशल में चित्रकला तथा फूलों की माला, गुलदस्ता तथा सजावट की वस्तुओं का निर्माण करना सिखाया जा रहा है। इसी कड़ी में पेपर, ड्राइंग सीट, लकड़ियों तथा वेस्ट चीजों से खिलौनों, पाठ्य सामग्री के निर्माण के साथ-साथ क्रियात्मक, भाषायी, गणितीय तथा अभिव्यक्ति कौशल को अपनी रूचि के अनुसार अलग अलग विधाओं को सीख रहे है।

कैम्प अवलोकन में कलेक्टर रणवीर शर्मा ने बच्चों की रूचि व सजगता पर जोर देते हुए सामान्य ज्ञान की जानकारी को जरूरी बताया। उन्होंने पुस्तकों को ज्ञान के महत्वपूर्ण स्त्रोत के रूप में परिभाषित कर पढ़ने को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे ने कहा कि अवकाश के समय का उपयोग अपनी कमियों को दूर करने के लिए करें। निरीक्षण में जिला परियोजना अधिकारी डीएमसी नरेंद्र वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा सहित जिला प्रशासन के अधिकारी जेवरा स्कूल में बच्चों के बीच पहुंच कर उनका हौसला बढ़ाये और सीखने की प्रक्रिया को जीवन शैली में अपना कर सक्रियता का महत्व बताये।




**कलेक्टर ने बच्चों को बांटा फल**

प्रातःकालीन समय सारिणी में संचालित कैम्प में कलेक्टर श्री शर्मा ने बच्चों को फल वितरण किया गया। संकुल समन्वयक उद्धव साहू ने समर कैम्प के सफल आयोजन में संकुल जेवरा के सभी संस्था प्रमुखों ने अपनी संस्था के सभी बच्चों व शिक्षकों सहित उत्साहित होकर कौशल विकास के विभिन्न गतिविधियों का नियमित आयोजन कर रहे हैं। संकुल प्राचार्य जेवरा एमआर ध्रुव ने कलेक्टर, डीईओ, डीएमसी सहित सभी उच्च अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।



**साजन स्कूल में बच्चों को जानवरों व पक्षियों की आवाज से कराया परिचय**

**बेमेतरा।** थानखम्हरिया समीपस्थ शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला साजन में सोमवार को समर कैम्प का आयोजन किया गया। गोल घेरे में बाल गीत, जानवरों और पक्षियों की आवाज की नकल एवं उसकी पहचान से परिचय कराया गया । गर्मी एवं लू से बचने के उपाय संस्था प्रमुख द्वारा बताया गया। संस्था के शिक्षक कृष्ण कुमार वर्मा ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के सभी विद्यार्थियों को समर कैम्प में उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया । संस्था प्रमुख ने बच्चों को इस भीषण गर्मी में पर्याप्त मात्रा में पानी, शरबत व मौसमी फल का सेवन करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। समर कैंप का संचालन प्राथमिक शाला के प्रधानाध्यापक मुकेश वैष्णव, शिक्षक मुकेश सिंह राजपूत, हरप्रसाद तिवारी, मोमिता विश्वास, संतोष पटेल एवं दरबारी ध्रुवें के सहयोग से किया जा रहा है। विद्यार्थी समर कैंप में आकर प्रफुल्लित नजर आए ।

## बच्चों ने सीखा चिड़ियों की आवाज निकालना




**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला अंधियारखोर के समर कैंप में मंगलवार को बच्चों को चिड़ियों की आवाज निकालना सिखाया गया। इसके साथ ही बच्चों ने पेड़ के पत्तों से गणेश भगवान व विभिन्न प्रकार के पशु पक्षियों के चित्र बनाए। बच्चों ने फूल पत्तों और बीज से विभिन्न प्रकार की आकृति बनाई। बच्चे समर कैम्प में बहुत उत्साहित होकर भाग ले रहे हैं। प्रधान पाठक रामकुमार साहू ने बताया कि समर कैम्प से बच्चों में कल्पना शीलता और सृजन शीलता का विकास होता है। समर कैम्प के माध्यम से बच्चों को नई नई चीज सीखने का अवसर मिलता है।

मंगलवार को समर कैंप में पूर्व माध्यमिक शाला अंधियारखोर के प्रधान पाठक रामकुमार साहू, शासकीय प्राथमिक शाला अंधियारखोर के प्रधान पाठक सतीश कुमार व शालिनी कुर्रे और बच्चे उपस्थित थे।

**समर कैंप के अंतिम दिन मंगलवार को हुए शामिल**

## पीएम श्री बेसिक स्कूल में कलेक्टर शर्मा ने बच्चों के साथ काटा केक




**बेमेतरा।** पीएम श्री स्कूल में चल रहे समर कैंप के अंतिम दिन मंगलवार को कलेक्टर रणबीर शर्मा भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्कूल के बच्चों के साथ केक काटकर समर कैंप का समापन किया। साथ ही बच्चों को आगामी क्लास के अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए पढ़ाई के महत्व पर जोर भी दिया। कलेक्टर श्री शर्मा ने बच्चों से पहाड़ा और सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी पूछे, जिसके संतोषजनक जवाब पाकर इनाम स्वरूप लेखन सामग्री भी वितरित किए।

संगीत शिक्षक सतनाम सिंह खनूजा ने संगीत के बारे में बच्चों की रुचि को बताया, वहीं डांस टीचर सीता निषाद ने बच्चों को सिखाए गए नृत्य कौशल की जानकारी दी। सेल्फ डिफेंस शिक्षक अरविंद आनंद ने भी आत्मरक्षा के बारे में बताया। साथ में आए एसडीएम श्री तंवर, जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा समन्वयक और बीआरसी ने बच्चों से समर कैंप के अनुभवों को साझा किया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, मिडिल स्कूल अध्यक्ष हितेंद्र साहू, उपाध्यक्ष दुर्गेश पटेल ने कांग्रेस भवन के बगल में स्थित वाटर फिल्टर रूम को हटाकर लाल बंगला वाले स्थान पर रखने की निवेदन किए जिससे स्कूल के बच्चो हेतु मुख्य द्वार बनाया जा सके, जिसे कलेक्टर श्री शर्मा ने तुरंत स्वीकृति देते हुए एसडीएम को निर्देशित किया। समर कैंप की व्यवस्था और कार्यप्रणाली की तारीफ करतें हुए अधिकारीगण बच्चो से रूबरू हुए, बच्चो के नाश्ते, भोजन और सीखने सिखाने पर बाते की। समर कैंप की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रधान पाठक संतोष वैष्णव ने बताया कि बच्चों के चहुमुखी और अध्ययन अध्यापन से हटकर मनोरंजक एवं जीवन कौशल से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया था, 10 मई से प्रारंभ 12 दिवसीय समर कैंप में बच्चो के लिए सुबह योगा के बाद नाश्ता, संगीत के बाद भोजन और नृत्य क्लास के बाद सेल्फ डिफेंस का क्लास आयोजन किया गया। गर्मी को ध्यान में रखते हुए बच्चों के लिए कूलर, गद्दा, शीतल पेय जल व स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी। आयोजन के अंतिम दिवस में शिक्षक राजेंद्र टांडीया, मिडिल स्कूल प्रधान पाठक मनोज निषाद, और पालक सदस्यगण उपस्थित रहे।

## खिलोरा स्कूल में बच्चों ने सीखा टोपी व पेंटिंग बनाना



**बेमेतरा।** ब्लॉक के संकुल केंद्र खिलोरा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खिलोरा में शाला परिवार के समस्त शिक्षकों द्वारा कक्षा छठवीं से आठवीं के बच्चों के लिए समर कैंप का शुभारंभ किया गया।

कैंप में बच्चों को टोपी बनाना पेंटिंग बनाना सिखाया गया एवं बहुत सारी गतिविधियां करवाई गईं। वार्षिक परीक्षा पश्चात बच्चों में भाषाई, गणितीय कौशल विकास के लिए ये रोचक गतिविधियाँ करायी जा रही हैं, ताकि बच्चे समझ के साथ कार्य करें। इसके लिए प्रतिदिन अलग अलग गतिविधियां करवाई जाएंगी। इस अवसर पर प्रधानपाठक पीआर पात्रे, शिक्षिका मोहनी सोनी, आशीष, मनोज वर्मा, नीलेश सोनी सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# शिक्षक प्रशिक्षण 27 से, तैयारियों को लेकर डाइट में हुई अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में चारों विकास खंड के बीईओ, बीआरसी, एसआरजी और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के स्त्रोत व्यक्तियों की बैठक डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 27 मई से 30 मई तक डाइट बेमेतरा में होने वाले डीआरजी प्रशिक्षण और विकासखंड स्तर पर 10 जून से होने वाले आफलाइन शिक्षक प्रशिक्षण के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही प्रशिक्षण के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई गई।

प्राचार्य डाइट जेके घृतलहरे ने बताया कि 10 जून से विकासखंड स्तर पर होने वाला शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से किया जाएगा। ऑनलाइन प्रशिक्षण 2 जून से 6 जून तक प्रतिदिन 2 घंटे का होगा। इस ऑनलाइन प्रशिक्षण में कक्षा पहली से पांचवी कक्षा तक पढ़ाने वाले समस्त शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। बेमेतरा जिले के प्राथमिक शालाओं में कुल 2347 शिक्षक कार्यरत हैं। विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण को प्रत्येक विकासखण्ड में 3 जोन में विभाजित कर किया जाएगा। बीआरसी को बताया गया है कि संख्या के आधार पर कार्य योजना तैयार कर प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। ऑफलाइन प्रशिक्षण 10 जून से प्रारंभ होगा और यह चार दिवसीय होगा। संख्या के आधार पर अलग-अलग चरणों में इसे संपन्न किया जाएगा। बैठक में बेरला से बीईओ जे पी करमाकर एवं बीआरसी खोम लाल साहू एवं साजा विकासखण्ड से बीआरसी बी डी बघेल और बीईओ नीलेश चन्द्रवंशी, बेमेतरा से बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू, एबीईओ गजानंद सिंह ठाकुर, डीएमसी नरेंद्र वर्मा, एमआईएस प्रशासक खिरावन वर्मा, नवागढ़ विकासखण्ड से बीआरसी सोनूराम साहू सहित डाइट बेमेतरा से वरिष्ठ व्याख्याता और एफएलएन प्रभारी उषा किरण पाण्डेय, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, डॉ बसुबंधु दीवान, राजकुमार वर्मा, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, एसआरजी भुवन लाल साहू, जलेश जांगड़े, पवन देवांगन, राजेश यादव, तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से राघवेंद्र कुमार साहू, पवन साटकर उपस्थित थे।

- डाइट में 27 से 30 मई तक होगा डीआरजी प्रशिक्षण
- विकासखंडस्तर पर 10 जून से होंगे आफलाइन शिक्षक प्रशिक्षण

### प्रत्येक विकासखंड के तीन केन्द्रों में होगा प्रशिक्षण

प्रत्येक विकासखंड के तीन केन्द्रों में यह प्रशिक्षण आयोजित होगा। प्रत्येक विकासखण्ड में 9 डीआरजी का नाम प्रशिक्षण के चयन किया गया है और प्रत्येक जोन के लिए 3 डीआरजी की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण के लिए ऐसे केन्द्रों का चयन किया जाए, जहां प्रोजेक्टर एवं प्रशिक्षण हेतु अन्य सुविधा उपलब्ध हो। बेमेतरा विकासखंड में दाढ़ी, बालसमुन्द और खिलोरा में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह बेरला विकासखंड में बेरला देवरबीजा और भिभौरी, साजा विकासखंड में परपोड़ी, साजा और थानखमरिया में तथा नवागढ़ में नवागढ़, पुटपुरा और मगरघटा में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण में आने वाले प्रतिभागी को कक्षा पहली से तीसरी तक की पाठ्य पुस्तक हिंदी और गणित, अभ्यास पुस्तिका और शिक्षक संदर्शिका को आवश्यक रूप से लाने के लिए निर्देशित करने बीआरसी एवं बीईओ को दिया गया। समस्त प्राथमिक शिक्षकों एवं सीएससी के मोबाइल पर जादूई पिटारा का ऐप इंस्टॉल एवं व्हाट्सएप लिंक से अनिवार्य रूप से जुड़ने हेतु निर्देशित करें। इस प्रशिक्षण में एक दिवस प्रायोगिक कार्य भी संपन्न कराया जाएगा, जिसे पूरी गंभीरता के साथ कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

**कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में समर कैंप को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश**

# बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए कराएं विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक हुई। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि इस गर्मी की छुट्टियों में स्कूली बच्चों के लिए समर कैंप और ग्रीष्मकालीन खेलों का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम विभिन्न खेल गतिविधियों क्रिकेट, दौड़,खो-खो और बैडमिंटन में भागीदारी का मौका प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, समर कैम्प में क्राफ्ट कला, शिल्प, और अन्य गतिविधियों से बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिलेगा। इन शिविरों का उद्देश्य बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में सक्रिय और उत्साहित रखना है।

कलेक्टर श्री शर्मा ने स्कूली बच्चों और खिलाड़ियों के लिए जिले में आयोजित समर कैंप एवं ग्रीष्मकालीन खेल शिविरो में ग्रामीण-शहरी सभी स्तर के अधिक से अधिक स्कूली बच्चों एवं खिलाड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंगलवार को भ्रमण के दौरान समर कैंप एवं ग्रीष्मकालीन खेल गरिमामय न होने पर नाराज़गी जतायी। ज़िला शिक्षा अधिकारी और खेल अधिकारी को समन्वय कर अधिक-से अधिक बच्चों की खेल और समर कैम्प में उपस्थित सुनिश्चित करने कहा ।ताकि बच्चों का शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास और बेहतर हो। बच्चों के लिए खेल उनके शारीरिक विकास के बहुत ज़रूरी है।वही समर कैम्प के ज़रिए बच्चों में हुनर के विकास के साथ नये-नये आडिया भी दिमाग़ में आते है। उन्होंने ज़िला शिक्षा अधिकारी को कहा कि इन कैम्पो में 20-20 शिक्षक-शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगाए। बैठक में अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत व अनिल बाजपेयी,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग, ज़िले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (समस्त) नगरीय निकाय,समेत ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।




**अनफिट वाहनों पर करें कार्रवाई:** कलेक्टर श्री शर्मा ने ध्वनि प्रदूषण, अवैध शराब, मुरूम पर की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। साथ सड़क दुर्घटना रोकने एवं अनफिट वहनों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इसके अलावा मोबाइल टाबर की नियमानुसार प्रक्रिया कर एनओसी की कार्रवाई करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने ई-श्रम पोर्टल के अंतर्गत पंजीकृत प्रवासी/असंगठित श्रमिक राशनकार्ड बनाने संबंधी भी जानकारी ली। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आगामी 4 जून को होने वाली लोकसभा निर्वाचन की मतगणना की तैयारियों और प्रशिक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि तैयारी में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो।

# प्लेसमेंट कैंप में युवाओं को कंपनियों में मिली जॉब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समाधान महाविद्यालय एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट कैंप में निजी कंपनियों ने अभ्यर्थियों से विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। इस कैंप में विभिन्न पदों जैसे रिलेशनशिप ऑफिसर, ब्रांच क्रेडिट मैनेजर, सेल्स मैनेजर, बिजनेस एसोसिएट, टेक्नीशियन एवं एमआईएस शामिल थे। सर्वप्रथम कंपनी के अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को जाब के संबंध में जानकारी दी। उसके बाद अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम से कराया गया। सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए क्रमशः बुलाया गया।

कैंप में 300 से अधिक ऑनलाईन आवेदन मिले, वहीं 160 से अधिक युवाओं ने साक्षात्कार दिया। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के दौरान उनकी योग्यता व अनुभव के आधार पर किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने सभी युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के प्लेसमेंट कैंप आयोजित कराए जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के समन्वयक महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत व संगीता अग्रवाल थे। वहीं, एनएसएस प्रभारी राजेश गजपाल, आईटीआई की प्राचार्या आशा झा, अधीक्षक सुबीर टंडन तथा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक लक्ष्मीनारायण साहू, डॉ जीडी मानिकपुरी, योगेश्वर सिन्हा, रूपेंद्र डहरिया, राजेश यादव, अंशु दत्ता, शुभम गजभिये, तुकाराम जोशी, आकाश हिरवानी, होरीलाल देवांगन, संतराम साहू, धर्मपाल नोन्हारे एवं गायत्री राजपूत उपस्थित रहे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज



पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- नॉर्मल डिलीवरी
- सिजेरियन
- हाई रिस्क प्रेग्नेंसी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
24x7 प्रसव सुविधा..
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411